



# युवा स्नेह छावनी : निवासी कार्यशाला

1974 से युवक बिरादरी द्वारा राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर अनवरत चलाए जाने वाला एक महत्वपूर्ण व जगणी कार्यक्रम रहा है। 4 रात्रि 5 दिन अथवा 6 रात्रि 7 दिनों के लिए चलने वाली यह निवासी कार्यशालाओं को उसके उज्जवल भविष्य हेतु मंच प्रदान करती रही हैं। तीन निवासी कार्यशाला का वर्ष 2023-24 अंतर्गत संस्था ने आयोजित करने का निर्णय लिया है। * 13 से 16 जुलै वृक्षमित विदर्भ छावनी * 1 से 5 अक्तूबर के बीच औरंगाबाद जनपद अंतर्गत एलोरा मीट * 19 से 23 नवंबर के बीच आगरा (उत्तर प्रदेश) अंतर्गत ताज मीट के रूप में आयोजन - होगा । जिसमें देश के विविध भागों से 16 से 28 आयु वर्ग के युवा उनके द्वारा संप्रेषित आवेदन पत्र के आधार पर प्रातिनिधिक रूप से मर्यादित स्तर पर आमंत्रित किए जाएंगे।

आज जब युवा अपने सपनों की पूर्ति के लिए किए जाने वाले प्रयासों के तहत प्रतिदिन नित नई चुनौतियों का सामना कर रहे हैं ...विविध क्षेत्रों में पदार्पण करते समय उनसे उनके ज्ञान व गुणों की कसौटी पर खरा उतरने की अपेक्षा रहती है...जहाँ किसी विशिष्ट स्थान पर पहुंचने की महत्वाकांक्षा के साथ गतिशील प्रत्येक युवा को सर्व समावेशी सोच व जय जगत घोष के आधार के पर व्यक्तित्व, नेतृत्व व दायित्व के बारे में अपना परिचय देना होता है | इस परिप्रेक्ष्य में सदा - मैत्री, बंधुभाव व भावनिक एकता के लिए सहनिवास व साहचर्यपूर्ण नियोजित ये युवा कार्यशालाएं तरुणाई के जीवन में एक अहम भूमिका अदा करती हैं...जहां उनके नेतृत्व गुणों के संवर्धन की दिशा में लोकतांत्रिक मूल्य, वैचारिक दृष्टिकोण, दूरदर्शिता, निर्णय क्षमता व समस्या समाधान के संदर्भ में उनकी भूमिका, वक्तृत्व - शैली/ वाद- संवाद जैसे विविध गुणों के विकास हेतु मार्गदर्शन व प्रशिक्षण दिया जाता है |

इस संदर्भ में Ethical Leadership, Innovation Capabilities, Art and Literature Appreciation, Vaion Building and Goal Setting, Networking, Forming Team, Planning, Study Tour जैसे प्रयुक्त माध्यम उन्हें सक्षम बनाते है अर्थात् व्याख्यान /चर्चा सत्र, वाद संवाद, व्यक्तिगत मूल्यांकन, युवा संसद, प्रतिभा शोध व एक सुर एक ताल के साथ ही - पर्यटन को भी समाविष्ट किया जाता है। उदाहरणार्थ जहां एलोरा मौट विश्वविख्यात शिल्प कला का अनूठा दर्शन कराती है... वहीं 'ताज मीट बृज भूमि से लेकर मुगलकालीन इतिहास, प्रेम प्रतीक व श्रेष्ठ रचनाकारी गावि सूरदास की भूमि से युवाओं को रूबरू कराती है। इसके समानांतर ही सभी शिविरार्थियों को 'स्वच्छता से स्वास्थ्य व समृद्धि' की दिशा में आचरणबद्ध होने तथा वर्तमान प्रदूषित वातावरण से मुक्त होने का निराशाजनक वातावरण में सकारात्मक उर्जा निर्माण करने का प्रयास किया जाता है।

**आवेदन पत्र प्राप्ती के बाद निमंत्रीत युवजनको निवास भोज हेतु प्रवेश शुल्क देना होगा। ‘ताज मीट हेतु 7500/- ... एलोरा मीट 'हेतु 5000/- तथा 'वृक्ष मीट 'हेतु 1000/- एलोरा मीट व ताज मीट के संदर्भ में विशेष जानकारी व पंजीकरण हेतु दिनांक 9 अगस्त से Email: info@biradari.org पर संपर्क किया जा सकता है।**


Ellora Meet October 2023 ☐
Taj Meet November 2023 ☐
Specimen Application for Participant


Full Name : ................................................ Gender: ............... Date of Birth: ...............................
Education: .................... Email: ............................................... Phone: ...............................................
Address: ......................................................................................................................
Signature of applicant: ............................... Date: .......................

**YUVAK BIRADARI (BHARAT)**

Website: www.biradari.org

Email : info@biradari.org





**हजारीमल सीमाणी मार्ग, फोर्ट,**

**मुंबई- ४०० ००२.**

**फोन: ०२२२२०७५५९२**